1– मैं शपथग्रहिता द्वारा जबलपुर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, जबलपुर द्वारा आमंत्रित ................... .........................(मार्ग का नाम) परिवहनकर्त्ता हेतु निविदा प्रक्रिया में भाग लिया गया है। मैं शपथग्रहिता शपथ पूर्वक सत्य कथन करता/करती हूं कि मेरे विरूद्ध किसी भी थाने में किसी भी प्रकार का कोई अपराधिक/आर्थिक प्रकरण दर्ज नहीं है ना ही मेरे विरूद्ध कोई भी दाण्डिक प्रकरण लंबित है।

**इति दिनांक .............................. जबलपुर हस्ताक्षर शपथग्राहिता ......................................**

**<u>सत्यापन</u>**

मैं शपथग्रहिता शपथपूर्वक सत्य कथन करता हुँ कि उपरोक्त शपथ पत्र की पद संख्या 01 में वर्णित संपूर्ण कथन मेरे निजी ज्ञान के अधार पर सत्य एवं सही है। इससे कुछ भी छिपाया नहीं गया है।

**इति दिनांक .......................... जबलपुर हस्ताक्षर शपथग्राहिता .............................**

**परिशिष्ट क्र.08**

# घोषणा पत्र

मैं/हम ——————————————————घोषणा करता हूँ/हैं कि मेरे द्वारा जबलपुर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, जबलपुर में वर्ष ————————— से परिवहनकर्त्ता/वितरक सह–परिवहनकर्ता के रूप में कार्य किया गया है/कार्यरत हूँ। यदि मैं/हम निविदा में सफल होता हूँ/हैं तो नवीन कार्य प्रारंभ करने के पूर्व यदि जबलपुर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, जबलपुर में पूर्व/वर्तमान की कोई भी लेनदारी–देनदारी प्रदर्शित होगी तो संपूर्ण लेनदारी–देनदारी का भुगतान/समायोजन निर्धारित अवधि में मेरे/हमारे द्वारा किया जाकर दुग्ध संघ से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण पत्र कार्यालय में प्रस्तुत किया जावेगा। यदि मेरे/हमारे द्वारा बकाया राशि जमा नहीं की जाती है तो मेरी/हमारी निविदा निरस्त करने का अधिकार जबलपुर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, जबलपुर को होगा।

दिनांकः–

हस्ताक्षर
निविदाकार का नाम——————————————
मोबाईल नंबर——————————
पता——————————————————

**परिशिष्ट क्र.09**

## <u>शपथ–पत्र रू. (रू. 100/– के नोटराईज्ड स्टॉम्प पेपर पर)</u>

मैं...................................... निवासी.....................................जबलपुर दुग्ध संघ के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत ...............................................(मार्ग का नाम) परिवहनकर्त्ता मार्ग हेतु दूध एवं दुग्ध उत्पादों के परिवहनकर्त्ता कार्य हेतु आवेदन प्रस्तुत कर रहा हूँ। मैं यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ कि मैं एक माह की समय सीमा में वाहन निर्धारित मापदण्ड अनुसार दुग्ध संघ को निर्धारित कार्य हेतु उपलब्ध करा दूँगा तथा निविदा स्वीकार होने की दिनांक से एक माह की अवधि में इन्स्युलेटेड बॉडी बनवाकर (पफ इन्सूलेशन 2 इंच/थर्माकोल हैवी डेन्सिटी 2 इंच) व वाहन में दुग्ध संघ द्वारा प्रदाय की गई डिजाईन अनुसार वाहन के दोनों तरफ व पीछे विनाइल पेस्टिंग स्वयं के व्यय से कराकर वाहन उपलब्ध करवाऊँगा। उक्त के लिये मैं स्वेच्छा से अपनी सहमति प्रदान करता हूँ।

दिनांक                                                                                                    हस्ताक्षर

नाम————————

पता————————
————————————
————————————

**परिशिष्ट क्र.10**

## शपथ–पत्र रू. (रू. 100/– के नोटराईज्ड स्टॉम्प पेपर पर)

मैं...................................... निवासी.....................................जबलपुर दुग्ध संघ के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत ...............................................(मार्ग का नाम) परिवहनकर्त्ता मार्ग हेतु प्रस्तावित मार्ग में दूध एवं दुग्ध उत्पादों के परिवहनकर्त्ता कार्य हेतु आवेदन प्रस्तुत कर रहा हूँ। मैं यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ कि मेरे द्वारा मेरी बैंक चैक बुक (क्र................से ...............तक) जो कि मेरे स्वयं के बैक खाते.........................(बैंक का नाम) खाता क्र. ...........................की है, जबलपुर सहकारी दुग्ध संघ को उपलब्ध करा रहा हूँ। जिसका उपयोग भविष्य में दुग्ध एवं दुग्ध उत्पादों एवं क्रेटों के लंबित भुगतान हेतु जबलपुर सहकारी दुग्ध संघ द्वारा किया जा सकता है। उक्त के लिये मैं स्वेच्छा से अपनी सहमति प्रदान करता हूँ।

दिनांक हस्ताक्षर

नाम————————————

पता————————————
————————————————
————————————————
हस्ताक्षर——————————

## शपथ–पत्र रू. (रू. 100/– के नोटराईज्ड स्टॉम्प पेपर पर)

मैं.......................................... निवासी....................................जबलपुर दुग्ध संघ के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत ......................................(मार्ग का नाम) से संबंधित दूध एवं दुग्ध उत्पादों के परिवहनकर्त्ता कार्य हेतु जो परिवहन राशि अंकित की जावेगी, उसका देयक प्रतिमाह प्रस्तुत करूँगा। देयक पर अगर नियमानुसार TDS/GST/TCS इत्यादि कर लगता है, उसे मेरे द्वारा वहन किया जावेगा। वितरक सह परिवहनकर्त्ता होने की स्थिति में नियमानुसार TDS/GST/TCS कर इत्यादि लगता है, उसे मेरे द्वारा वहन किया जावेगा। मैं यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर उक्त के लिये मैं स्वेच्छा से अपनी सहमति प्रदान करता हूँ।

दिनांक हस्ताक्षर

नाम————————

पता————————
——————————
——————————

# दूध एवं दुग्ध उत्पाद परिवहनकर्त्ता अनुबंध

यह अनुबंध आज दिनांक ........................को प्रथम पक्ष **मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जबलपुर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, जबलपुर** जिसे आगे दुग्ध संघ/प्रथम पक्ष के नाम से संबोधित किया जावेगा एवं मेसर्स **श्री** ——————————————————**पिता श्री पता**——————————————————**मो.** —————— **द्वारा पार्टनर श्री**—————————— **पिता श्री** ————————————— **पता**——————————— **मो.** ———————— **से बतौर दूध एवं दुग्ध पदार्थ के** परिवहनकर्ता की हैसियत से दुग्ध संघ द्वारा मार्ग ———————— के लिये दिनांक ——————— से ———————— तक की अवधि वास्ते अनुबंध कर हस्ताक्षरित किया गया। इन्हें आगे द्वितीय पक्ष /परिवहनकत्ता/ठेकेदार नाम से संबोधित किया जावेगा। इस अनुबंध के तहत् निम्नलिखित शर्तो के अधीन दुग्ध संघ व परिवहनकर्त्ता कार्य संपादित करेंगे।

परिवहनकर्ता द्वारा जबलपुर दुग्ध संघ, रीवा संयंत्र से सीधी मार्ग पर सभी वितरण केन्द्रों तक दुग्ध भरी क्रेटस, केन एवं दुग्ध वितरण केन्द्रों से खाली क्रेट रीवा दुग्ध संयंत्र, रीवा तक परिवहन करने के वास्ते अपने निजी वाहन क्र. **--------------------** से मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जबलपुर दुग्ध संघ, जबलपुर को निर्धारित समय पर परिवहन हेतु आवेदन किया है एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने निम्नलिखित शर्तो पर परिवहनकर्ता का आवेदन परिवहन दर **रू.** ————————**/किमी.** प्रतिदिन आना व जाना मिलाकर स्वीकार किया है।

1. यह अनुबंध विशुद्ध रूप से व्यावसायिक अनुबंध है तथा इसके तहत् परिवहनकर्ता को एक माह की पूर्व सूचना देकर दुग्ध संघ के हित में यह अनुबंध निरस्त करने का अधिकार दुग्ध संघ का होगा। इसके लिये दुग्ध संघ किसी भी तरह की न्यायालीन प्रक्रिया से मुक्त होगा। यदि परिवहनकर्ता इस अनुबंध के तहत् कार्य नहीं करना चाहता तो, उसे एक माह का लिखित अग्रिम नोटिस परिवहनकर्ता का कार्य छोडने बावत् देना होगा। प्रथम पक्ष द्वारा निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने तक द्वितीय पक्ष को निर्धारित दर एवं शर्तों पर यथावत् कार्य करते रहना होगा।
2. परिवहनकर्ता की निविदा स्वीकार होने पर परिवहनकर्ता निर्धारित मार्गो एवं स्थानों पर स्वयं की निविदा में वर्णित क्षमता अनुसार इंसुलेटेड वाहन द्वारा दूध एवं दुग्ध उत्पादों का वितरण करेगा। ऐसे मार्ग केन्द्र व निर्धारित समय एवं दूरी प्रथम पक्ष द्वारा निर्धारित की जावेगी और आवश्यकतानुसार समय–समय पर परिवर्तन किया जा सकेगा। जो परिवहनकर्ता को बंधनकारी होगा एवं मार्ग की दूरी निविदा में दर्शाये गये केन्द्रों में केन्द्र बढाने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जबलपुर दुग्ध संघ को होगा, इसका अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जावेगा। यदि वाहन अधिकतम किमी. दर्शाने से दस किमी. ज्यादा चलती है तो उसकी दर निर्धारित करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जबलपुर दुग्ध संघ/प्रथम पक्ष को होगा।
3. निविदा में स्वीकृत दरों में वाहन चलाने संबंधी समस्त व्यय दूध की क्रेटस तथा केन वाहन में लोड करने व मार्ग के वितरक/वितरक सह परिवहनकर्त्ता /विक्रय केन्द्रों पर चालान के अनुसार उतारने तथा निर्धारित समय में केन्द्रों से क्रेट व केन आदि वापस लेकर डेयरी में चालान के अनुसार संघ द्वारा अधिकृत व्यक्ति को सौंपने तक के लिये श्रमिक का व्यय सम्मिलित होगा।

4. (अ) परिवहनकर्ता द्वारा नियुक्त नियमित कर्मचारी द्वारा कितनी क्रेट डेयरी से प्राप्त किया जाना है, उतने ही क्रेटस रिटर्न लाते समय डेयरी से वापस कर रसीद प्राप्त करनी होगी अन्यथा जितने खाली क्रेटस कम वापस किये जावेंगे उतने ही क्रेटों की कीमत तत्समय दुग्ध संघ की क्रय दर अनुसार राशि परिवहनकर्ता के बिल में से कटौत्री किया जावेगा।
(ब) विभिन्न विक्रय केन्द्रों पर प्रतिदिन निर्धारित सामग्री परिवहनकर्ता को चालान में दर्शायी गई मात्रा के अनुसार उतारना होगा एवं त्रुटि पाये जाने की समस्त जिम्मेदारी परिवहनकर्ता की होगी एवं इसी प्रकार वापिस (रिटर्न) आने वाली सामग्री भी पूर्ण रूप से डेयरी के अधिकृत वितरक/सह परिवहनकर्त्ता/संस्था, केन्द्रों से एकत्रित कर पूर्ण रूप से डेयरी प्लांट में वापस करनी होगी। यदि किसी प्रकार की कमी पाई गई तो वस्तु की कीमत की कुल रकम परिवहनकर्ता से वसूल की जावेगी।

5. ठेकेदार वाहन के साथ चलने वाले चालक तथा नियुक्त कर्मचारियों के नाम तथा फोटो सहित प्रस्तुत करेंगे। ठेकेदार या ठेकेदार द्वारा अधिकृत परिचालक, वाहन चालक, संघ के वितरण स्थल पर वितरण मेनशीट में वाहन के आने के समय हस्ताक्षर करेगा। वितरण होने वाले दुग्ध के परिवहन के दौरान गाडी बिगड जाने की स्थिति में ठेकेदार का यह दायित्व होगा कि वह दूसरी गाडी भेजकर या वैकल्पिक व्यवस्था करके समय पर कार्य संपन्न करें अन्यथा समय पर दुग्ध वितरण न होने से कोई भी हानि होती है तो वह ठेकेदार का पूर्ण दायित्व होगा, अन्यथा प्रथम पक्ष द्वारा दण्ड आरोपित किया जा सकता है। एक से अधिक बार इस प्रकार की घटना होने पर निविदा निरस्त करके ठेकेदार की जमा प्रतिभूति की राशि राजसात कर लिया जावेगा।

6. वाहन की खराबी अथवा ठेकेदार पक्ष की ओर से किसी प्रकार से वाहन के विलम्ब होने या दुर्घटना होने आदि की परिस्थिति में दुग्ध खराब होने पर या टूट–फूट होने पर जो मूल्यांकित हानि होगी, उसका संपूर्ण दायित्व ठेकेदार का होगा ।

7. ठेकेदार हर पखवाडे में एक दिन कार्यालय आकर उनके देयक से काटी जाने वाली राशि के संबंध में समाधान कर लें अन्यथा नियमानुसार राशि देयक से काट ली जावेगी जो ठेकदार को मान्य होगी।

8. यह अनुबंध **तीन वर्षो** के लिये प्रभावशील रहेगा। दुग्ध संघ द्वारा परिवहनकर्त्ता का कार्य तीन वर्ष की अवधि में संतोषप्रद पाये जाने पर आपसी सहमति से अनुबंध की समान शर्तो एवं निर्धारित दर पर कार्य अवधि एक–एक वर्ष कर अधिकतम **दो वर्षो** हेतु बढ़ाई जा सकेगी।

9. ठेकेदार/वाहन चालक, ठेकेदार के कर्मचारी वापसी में सभी क्रेटस/केन लायेंगे एवं दुग्ध चालान की प्रविष्ठियों में किसी प्रकार की काटा–पीटी नहीं करेंगे। न ही दूध की मात्रा स्वेच्छा से घटायेंगे/बढायेंगे। दुग्ध विक्रेता की मांग की मात्रा से अधिक प्रदान होने पर वापसी की पूरी दूध की रकम ठेकेदार से वसूल की जावेगी।

10. दुग्ध वितरण केन्द्र पर भेजे गये दुग्ध को ठेकेदार या उसके कर्मचारी किसी भी प्रकार से विक्रय नहीं करेंगे, ऐसा पाया गया तो विक्रय की गई दूध की कीमत से दुगना कीमत वसूल की जावेगी।

11. यह कि ठेकेदार या ठेकेदार द्वारा नियुक्त कर्मचारी आदि वितरण किये जाने वाले दूध की मात्रा स्तर से किसी प्रकार की गडबडी करेगा तो उसकी जवाबदारी ठेकेदार की होगी तथा किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर दुग्ध संघ के अधिकारी मौके पर जाँच करेंगे तथा यदि प्रथम दृष्ट्या दूध, दुग्ध संघ की प्रयोगशाला के परीक्षण में अपमिश्रित पाया जाता है तो तुरन्त निविदा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जबलपुर सहकारी दुग्ध संघ, जबलपुर डेयरी का होगा एवं प्रतिभूति राशि भी जप्त कर ली जावेगी।

12. परिवहनकर्ता के कर्मचारी यदि वितरित किये जाने वाले दूध की रिटर्न (प्रयोगशाला) परीक्षण में जाँच की प्रथम दृष्टि में अपमिश्रण की पुष्टि की पुनरावृत्ति करने पर उक्त परिवहनकर्ता का अनुबंध निरस्त करके प्रतिभूति राशि राजसात कर ली जावेगी।

13. परिवहनकर्ता एवं परिवहनकर्ता द्वारा नियुक्त कर्मचारी कार्यालय में किसी प्रकार संघ के अधिकारी/कर्मचारी के साथ अभद्र व्यवहार नहीं करेगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा ऐसे अधिकारी/कर्मचारी की शिकायत करने पर कर्मचारी को तुरन्त हटा देना होगा। परिवहनकर्ता द्वारा कार्यालय के किसी भी कर्मचारी के साथ अभद्र व्यवहार करने पर उनका अनुबंध तुरन्त निरस्त कर उनका नाम ब्लैक लिस्ट में डाला जावेगा।

14. प्रथम पक्ष के सुरक्षा गार्ड द्वारा जाँच करने की दशा में परिवहनकर्ता के अटेन्डेंट दुग्ध के क्रेट उठाकर निरीक्षण को संपन्न करवायेगा। सुरक्षा गार्ड के साथ किसी प्रकार का दुर्व्यवहार नहीं किया जावेगा व उसके पूर्ण जाँच किये जाने में सहयोग करेंगे। शंका की स्थिति में संतोषप्रद जाँच पड़ताल होने के पश्चात् ही दुग्ध वितरण वाहन डेयरी से बाहर जाने दिया जावेगा।

15. द्वितीय पक्ष द्वारा अधिकृत वाहन चालक एवं अटेन्डेन्ट के अतिरिक्त किसी बाहरी व्यक्ति को गाडी के साथ नहीं लाया जावेगा। यदि एक से अधिक व्यक्ति गाडी में पाये गये तो परिहवनकर्ता से रूपये 25/– (रूपये पच्चीस मात्र) प्रति व्यक्ति दर से वसूल करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी को होगा। विशेष परिस्थियों में यदि वाहन निर्धारित समय से 15 मिनिट तक अवधि में विलम्ब से आता है तो उसकी छूट दी जावेगी तत्पश्चात् अन्य वाहन की व्यवस्था में जो वास्तविक देय होगा या ठेके के अनुसार दिया जाने वाला किराया होगा उसका दुगना (जो भी अधिक देय हो) परिवहनकर्ता से वसूल किया जावेगा। जितने दिन परिवहनकर्ता दुग्ध वितरण के लिये अपना वाहन नहीं भेजेंगे, उपरोक्तानुसार ही प्रतिदिन के हिसाब से वसूली की जावेगी। इसके अतिरिक्त वाहन की व्यवस्था के लिये रूपये 200/– (रू. दो सौ मात्र) पृथक से वसूल किया जावेगा ।

16. द्वितीय पक्ष को दुग्ध वितरण के पश्चात् रिटर्न लेकर निर्धारित समय में डेयरी में आना अनिवार्य है। विशेष परिस्थिति में वाहन यदि 15 मिनिट की अवधि में विलम्ब से आता है तो छूट दी जावेगी। तत्पश्चात् रू. 100/– प्रति घंटा विलम्ब से आने के लिये पेनाल्टी के रूप में बिल से कटौत्रा किया जावेगा।

17. यदि परिवहनकर्ता का वाहन खराब हो जाता है तो उप महाप्रबंधक/सहायक महाप्रबंधक या प्रबंधक (विपणन) की लिखित अनुमति से अस्थाई रूप से वह दूसरी वाहन की व्यवस्था करेगा। तत्पश्चात् स्वयं का वाहन कार्य पर लगाना होगा। ऐसा न करने पर अनुबंध निरस्त करने का पूर्ण अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जबलपुर दुग्ध संघ का होगा।

18. परिवहनकर्ता का वाहन खराब होने पर जो अस्थाई व्यवस्था परिवहनकर्ता करेगा उसकी संपूर्ण जानकारी कार्यालय को देनी होगी।

19. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जबलपुर सहकारी दुग्ध संघ, जबलपुर, प्रभारी डेयरी संयंत्र, रीवा अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि की अनुमति के बिना परिवहनकर्ता दुग्ध या दुग्ध पदार्थ से भरी क्रेटों के साथ किसी बाहरी व्यक्तियों का या अन्य सामान का परिवहन नहीं करेगा।

20. देयकों का भुगतान माह में दो बार किया जावेगा, परिवहनकर्ता को नियमित रूप से प्रत्येक माह की 5 तारीख तक एवं 18 तारीख तक देयक संघ में जमा कराना होगा जिसका भुगतान संघ द्वारा प्रत्येक माह की 15 तारीख या 30 तारीख तक ———————— के माध्यम से किया जावेगा।

21. वाहन चालक व अटेन्डेन्ट द्वारा शीतकक्ष से दुग्ध के क्रेट मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा नियुक्त अधिकारी/कर्मचारी के निर्देशानुसार निकालेगा। अभद्र व्यवहार करने या आदेशों

की अवहेलना करने पर प्रबंधक (प्लांट ऑपरेशन) द्वारा शिकायत करने पर दोषी कर्मचारी को परिवहनकर्ता तुरन्त बदल देगा।

22. अनुबंध की शर्ते एवं अवधि दिनांक ——————— से तक की अवधि ——————— के लिये प्रभावशाली रहेगी। अनुबंध की शर्तो की अवहेलना करना एवं संतोषप्रद काम नहीं होने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जबलपुर सहकारी दुग्ध संघ, जबलपुर बिना कोई कारण बताये निरस्त कर सकेगें एवं अनुबंध समाप्त किये जाने पर परिवहनकर्ता कोई क्षतिपूर्ति प्राप्त करने का अधिकारी नहीं होगा ।

23. वाहन का आकस्मिक निरीक्षण वितरण के दौरान किसी भी स्थान पर दुग्ध संघ जबलपुर के अधिकारियों के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा अधिकृत पर्यवेक्षक को करने का अधिकार होगा। उसे निरीक्षण करने से रोकना या उसके साथ अभद्र व्यवहार करने पर अनुबंध निरस्त करने समस्त अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी को होगा ।

24. परिवहनकर्ता को अपना ठेका किसी अन्य व्यक्ति को हस्तांतरित करने का अधिकार नहीं होगा और न ही उप परिवहनकर्ता नियुक्त कर सकेगा। यदि ऐसा पाया गया तो अनुबंध तुरन्त निरस्त करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जबलपुर सहकारी दुग्ध संघ, जबलपुर को होगा ।

25. जबलपुर डेयरी की बकाया देय रकम परिवहनकर्ता की प्रतिभूति राशि से वसूल की जावेगी।

26. डेयरी की परिधि के अंदर आने वाले वाहन निर्धारित 20 किमी./घंटे की गति से ज्यादा गति से नहीं चलाये जावेंगे और न ही डेयरी की परिधि के अंदर वाहन की साफ–सफाई की जावेगी। यदि ऐसा किया गया तो प्रति अवसर रूपये 100/– परिवहनकर्ता पर जुर्माना किया जावेगा जो कि उसके देयक से काटा जावेगा।

27. परिवहनकर्ता द्वारा दिये गये भाव स्वीकृत होने पर उसी भाव में परिवहनकर्ता की अवधि में अपना स्वयं का वाहन चलायेगा। यदि परिवहनकर्ता द्वारा वाहन चलाने के लिये असमर्थता व्यक्त की तो मुख्य कार्यपालन अधिकारी को परिवहनकर्ता का अनुबंध निरस्त करने तथा प्रतिभूति राशि जप्त करने का अधिकार होगा ।

28. उपरोक्त किसी भी शर्तो एवं दुग्ध संघ द्वारा दिये गये निर्देशों, शर्तो एवं सूचनाओं की अवहेलना होने की स्थिति में अनुबंध निरस्त करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जबलपुर सहकारी दुग्ध संघ, जबलपुर को होगा ।

29. उपरोक्त शर्तो के अलावा संघ के हित को देखते हुए कार्य भी अतिरिक्त कार्य लगाने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जबलपुर सहकारी दुग्ध संघ, जबलपुर सुरक्षित रखता है।

30. परिवहनकर्ता को क्रेटों का लेखा–जोखा स्वयं रखना होगा कम क्रेट की वसूली जो आरोप पत्र परिवहनकर्ता को दिया जावेगा उस आरोप पत्र प्राप्ति के 6 दिवस के अंदर कम क्रेट संघ में जमा करना होंगे अन्यथा निर्धारित दर के अनुसार बिना पूर्व सूचना के परिवहनकर्ता के देयक से कम क्रेटों की राशि काट ली जावेगी। कटौत्री होने के पश्चात् काटी गई राशि वापस नहीं की जावेगी।

31. खाली क्रेटों का लेखा जोखा प्रत्येक माह का अगले माह की 5 तारीख तक स्वयं कार्यालय में उपस्थित होकर शीघ्र निराकरण करा लेवें। निराकरण पूर्ण न करने की स्थिति में संघ की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। इसके लिये स्वयं परिवहनकर्ता जिम्मेदार होगा।

32. यदि परिवहनकर्ता शर्तो के परिपालन में असमर्थ है या अनुबंध समाप्त करना चाहता है तो उसको एक माह के पूर्व संघ को लिखित सूचना देना होगा, ऐसा न करने पर संघ द्वारा प्रतिभूति राशि विशेष देयकों की राशि राजसात कर ली जावेगी।

33. परिवहनकर्ता के अनुबंध की सभी अथवा किसी भी निबंधन एवं शर्तो के भंग करने पर इस अनुबंध को निरस्त करने पर कोई अन्य व्यवस्था करने के लिये जबलपुर दुग्ध संघ स्वतंत्र होगा। इस प्रकार के अनुबंध के निरस्त होने की दशा में परिवहनकर्ता द्वारा जबलपुर दुग्ध संघ के पास जमा कराई गई प्रतिभूति राजसात कर ली जावेगी एवं इस प्रकार के अनुबंध के निरस्त होने के कारण जबलपुर दुग्ध संघ को होने वाली क्षतियों एवं हानियों का भुगतान परिवहनकर्ता को जबलपुर सहकारी दुग्ध संघ की मांग करने पर तुरन्त करना होगा। क्षतियों एवं हानियों का निर्धारण अथवा क्षतियों एवं हानियों का जो परिवहनकर्ता से वसूल की जाना है, के लिये मुख्य कार्यपालन अधिकारी का निर्णय अंतिम व मान्य होगा।

34. यह कि अनुबंधित अवधि में डीजल की दरों में जो भी वृद्धि/कमी होगी उसके अनुसार वितरक सह परिवहनकर्त्ता की स्वीकृत परिवहन दरों में वृद्धि/कमी समानुपातिक दर से की जा सकेगी। इस हेतु मार्ग की दूरी जो निविदा में वर्णित हो, वाहन का प्रकार टाटा 407 औसतन 10 किमी. प्रतिलीटर, टाटा 608/709 आयशर औसतन 06 किमी. तथा महिन्द्रा पिकअप/समकक्ष औसतन 10 किमी. प्रतिलीटर के आधार पर गणना की जावेगी।

35. भविष्य निधि अधिनियम तथा कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम के अन्तर्गत द्वितीय पक्ष द्वारा जिन कर्मचारियों की नियुक्ति की जावेगी तथा जिन कर्मचारियों से वाहन पर कार्य लिया जावेगा उन कर्मचारियों की भविष्य निधि अधिनियम एवं कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम के प्रावधान के अनुसार कन्ट्रेक्टर को संबंधित विभाग से कोड नंबर प्राप्त कर प्रावधानों के अनुसार नियमित अंशदान की राशि संबंधित वाहन परिवहनकर्ता की प्रतिभूति राशि/लंबित देयकों से वसूल की जावेगी।

36. अनुबंधित अवधि के लिये द्वितीय पक्ष को अपने चालक/कर्मचारियों का बीमा स्वयं के व्यय से कराना अनिवार्य होगा। परिवहनकर्ता के अधीन नियोजित किसी चालक/कर्मचारी को हुई किसी भी प्रकार की क्षति की क्षतिपूर्ति हेतु संघ उत्तरदायी नहीं होगा।

37. द्वितीय पक्ष साँची दुग्ध उत्पादों की उत्कृष्ट गुणात्मक स्तर बनाये रखने वास्ते इंश्युलेटेड वाहन परिवहन/वितरण हेतु संघ को उपलब्ध करायेगें, उपलब्ध न कराने की स्थिति में परिवहन अनुबंध निरस्त हो जावेगा।

38. आपातकालीन स्थिति यथा नदी–नाले चढने पर मार्ग अवरूद्ध होने की दशा में दुग्ध वितरण संभव नहीं होने पर संबंधित क्षेत्र के थाने से लिखित सूचना/प्रबंधक शीतकेन्द्र से लिखित सूचना कार्यालय में 48 घंटे के भीतर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा दुग्ध वापसी की दशा में नियमानुसार कटौत्रा मासिक देयक से किया जावेगा।

39. उपरोक्त अनुबंधित शर्तो के अतिरिक्त समय–समय पर संघ द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन संघ हित में करने हेतु द्वितीय पक्ष जिम्मेदार होगा एवं बाध्य होगा।

40. समस्त श्रम अधिनियमों का पालन करने का दायित्व वाहन परिवहनकर्ता का होगा।

41. इस अनुबंध का न्यायायिक कार्यक्षेत्र जबलपुर शहर का न्यायालय होगा। यह अनुबंध उपरोक्त शर्तो के अधीन दुग्ध संघ एवं परिवहनकर्ता की आपसी रजामंदी तहत दिनांक..........................को निष्पादित किया गया है। दुग्ध संघ द्वारा परिवहनकर्ता का कार्य संतोषप्रद होने की स्थिति में इस अनुबंध की समयावधि उपरोक्त शर्तो के अधीन बढा सकेगा।

42. परिवहनकर्त्ता को अपने वाहन में GPS सिस्टम लगाना अनिवार्य होगा जिसका मासिक किराया व्यय उन्हें स्वयं वहन करना होगा।

43. परिवहनकर्त्ता की आकस्मिक मृत्यु होने की स्थिति में संघ उसके मान्य उत्तराधिकारी को उस स्थिति में नियुक्त कर सकता है, यदि वह उत्तराधिकारी संघ के निर्धारित शर्तों का पालन करने हेतु सहमति देता है। उत्तराधिकारी का नाम अनुबंध पत्र के निष्पादन के समय प्रदान किया जाना आवश्यक है।

**44. परिवहनकर्ता को वाहन में वाहन चालक के अतिरिक्त एक लेबर लोडिंग/अनलोडिंग हेतु आवश्यक रूप से स्वयं के व्यय पर रखना होगा।**

45. परिवहनकर्ता शासन के समस्त निर्धारित करों आदि के भुगतान हेतु पूर्ण रूपेण जबावदार होगा तथा केन्द्र शासन/राज्य शासन के इस विषय पर समय–समय पर दिये गये निर्देंशों के पालनार्थ पूर्ण रूपेण वाध्य होगा। ऐसा न करने की स्थिति में संबंधित समस्त कानूनी कार्यवाही परिवहनकर्ता के विरूद्ध की जा सकेगी।

46. परिवहनकर्त्ता द्वारा वितरण वाहन में केवल साँची दूध एवं दुग्ध पदार्थों का परिवहन एवं वितरण किया जावेगा। वितरण वाहन में किसी अन्य सामग्री, प्रतिस्पर्धी ब्राण्ड दूध एवं दुग्ध पदार्थ एवं प्रतिबंधित वस्तु का परिवहन नहीं किया जावेगा। उपरोक्त का उल्लंघन करते पाये जाने पर दुग्ध संघ द्वारा नियमानुसार अर्थदण्ड रू. 5000/– का अधिरोपण किया जावेगा एवं पुनरावृत्ति पाये जाने पर परिवहन कार्य निरस्त करते हुए उसकी जमानत राशि राजसात कर सकेगा।

47. परिवहनकर्ता को वितरण कार्य आरंभ करने से पूर्व संघ कार्यालय को वाहन के पंजीकरण से सम्बंधित समस्त दस्तावेज पंजीकरण, परमिट, फिटनेस एवं इन्स्युलेशन आदि का निरीक्षण संघ की गठित समिति को कराना आवश्यक होगा तथा इन दस्तावेजों की एक छायाप्रति संघ कार्यालय में जमा करनी होगी। वाहन कार्य पर लगाने से पूर्व उसका भौतिक सत्यापन संघ द्वारा गठित समिति से निर्धारित समय सीमा में कराना होगा।

48. परिवहनकर्ता की संघ में निर्धारित वितरण कार्य हेतु अवधि मे परिवहनकर्ता द्वारा वाहन पंजीकरण से सम्बंधित दस्तावेजों मे परिवर्तन बिना संघ की अनुमति के नहीं किया जावेगा। यदि किसी कारणवश परिवहनकर्ता संघ से अनुबंधित वाहन विक्रय करता है या उसे बदलना चाहता है, तो इस हेतु संघ की अनुमति लेना आवश्यक है, तथा वाहन के विक्रय/बदलने के पूर्व वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करना परिवहनकर्ता का दायित्व होगा।

**49.** यह कि परिवहनकर्ता अपने वाहन से दूध व दूध के पैकेट्स एवं क्रेट/केन भरकर उतनी मात्रा में ले जावेंगे जितनी कि शीट एवं चालान में दर्शाई गई है। यदि निर्धारित मात्रा से अधिक दूध/प्रोडेक्ट्स वाहन में पाया जाता है तो अधिक दूध/दूध पैकेट, प्रोडेक्ट्स पाये जाने पर दूध/प्रोडेक्ट्स की कीमत का 50 गुना राशि का अर्थदण्ड परिवहनकर्ता से वसूल किया जावेगा एवं वाहन लोडर को हटाया जाऐगा।

50. द्वितीय पक्ष को संबंधित आवंटित मार्ग पर होने वाले व्यय जैसे टोल टोक्स, चालान एवं क्षतिपूर्ति एवं अन्य संबंधित व्यय का भुगतान स्वयं के व्यय पर करना होगा। दुग्ध संघ उक्त व्यय के भुगतान के लिये बाध्य नहीं होगा।

51. यह कि यदि प्रथम पक्ष, द्वितीय पक्ष के मार्ग में स्थित दुग्ध शीतकेन्द्र से दूध संकलन कार्य का परिवहन भी करवाता है तो द्वितीय पक्ष को उक्त कार्य हेतु किसी भी प्रकार अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जायेगा।

52. यह कि यदि प्रथम पक्ष द्वारा द्वितीय पक्ष को उसके मार्ग से पृथक में स्थित दुग्ध शीतकेन्द्र से संकलन के दूध का परिवहन करने हेतु निर्देशित किया जाता है तो उक्त कार्य हेतु द्वितीय पक्ष को अतिरिक्त तय दूरी का अनुबंधित दर पर भुगतान किया जा सकेगा।

53. यदि पक्षकारों के बीच इस अनुबंधित कार्य के विषय में कोई विवाद खड़ा हुआ तो, उस स्थिति में प्रबंध संचालक, एम.पी. स्टेट को–ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लि. भोपाल को प्रकरण निराकरण हेतु प्रस्तुत किया जा सकेगा। निराकरण न होने की स्थिति में विवाद के निराकरण हेतु (Arbitrator) Arbitration and conciliation act 1996) के तहत निर्धारित प्रक्रिया के अंतर्गत कार्यवाही की जा सकेगी।

54. निविदा प्रपत्र के **परिशिष्ट कमांक 02** में उल्लेखित निविदा की समस्त सामान्य शर्ते भी इस अनुबंध का हिस्सा होकर परिवहनकर्त्ता को मान्य होंगी।

55. टंकण त्रुटि या किसी भी कारण शर्तो में अस्पष्टता होने से उक्त शर्तो को स्पष्ट करने का संपूर्ण अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जबलपुर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, जबलपुर के पास सुरक्षित रहेगा।

अनुबंध की **कंडिका 01 से 55** तक वर्णित नियम व शर्तो का द्वितीय पक्ष द्वारा किसी भी समय उल्लंघन पाये जाने की स्थिति में एक नोटिस दिया जाकर कार्य आदेश निरस्त करने, जमा प्रतिभूति राशि राजसात करने तथा नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जबलपुर दुग्ध संघ को होगा। द्वितीय पक्ष को अनुबंध की **कंडिका 01 से 53** तक का पालन करना अनिवार्य है। द्वितीय पक्ष द्वारा किसी भी एक या एक से अधिक कंडिकाओं का उल्लंघन पाये जाने पर जारी कार्य आदेश निरस्त कर दिया जावेगा तथा जमा प्रतिभूति राशि राजसात कर ली जावेगी। इस बावत् मात्र एक नोटिस दिया जाकर कार्यवाही की जा सकेगी।

**मैं ............................................................... पिता/पति/पत्नी.......................................**

**परिवहनकर्ता मार्ग क्रमांक ....................................... अपना उत्तराधिकारी (नॉमिनी) श्री/श्रीमति.....**

**........................................... को घोषित करता/ करती हूँ।**

यह अनुबंध पत्र उभय पक्ष ने स्वेछा से दिनांक ------ को हस्ताक्षर कर निष्पादित किया है। अनुबंध अवधि की समाप्ति तक मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जबलपुर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, जबलपुर के निर्देशानुसार परिवहनकर्त्ता द्वारा संतोषप्रद कार्य करने व नो ड्यूज प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के पश्चात् तथा सभी प्रकार की वसूली उपरांत मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जबलपुर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, जबलपुर द्वारा अमानत राशि व बैंक गॉरंटी वापस की जा सकेगी। अनुबंध की किसी भी कंडिका का द्वितीय पक्ष द्वारा उल्लंघन करने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जबलपुर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, जबलपुर द्वारा अनुबंध समाप्त कर अमानत राशि आदि राजसात करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जबलपुर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, जबलपुर को होगा। उभय पक्ष में यह अनुबंध पत्र की शर्ते एवं परिशिष्ट भली प्रकार अध्ययन करके स्वेच्छा से संपादित किया है, जो प्रमाण रहे एवं समय पर काम आवे।

**(हस्ताक्षर द्वितीय पक्ष)**
**परिवहनकर्ता**

**नाम------------------------**
**पता ----------------------**
---------------------------

**(हस्ताक्षर प्रथम पक्ष)**
**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**

**प्रभारी (विपणन)**
**जबलपुर सह.दुग्ध संघ मर्या.जबलपुर**

गवाह के हस्ताक्षर

नाम.........................
पता........................

गवाह के हस्ताक्षर

नाम.......................................
पता.......................................

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**

परिशिष्ट क्र.13

# जबलपुर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, जबलपुर

1. **सीधी मार्ग की जानकारी** – **रीवा से बघवार, रामपुर नैकिन, चुरहट से सीधी** मार्ग के सभी वितरक/वितरक सह परिवहनकर्त्ताओं/संस्थाओं एवं अन्य निर्देशित स्थानों पर दूध एवं दुग्ध उत्पाद प्रदाय एवं निर्देशित स्थानों से संकलन का दूध परिवहन किया जाना होगा।

## शपथ–पत्र रू. (रू. 100/– के नोटराईज्ड स्टॉम्प पेपर पर)

मैं............................................. निवासी.....................................जबलपुर दुग्ध संघ के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत ..............................................(मार्ग का नाम) परिवहनकर्त्ता संबंधित प्रस्तावित मार्ग में दूध एवं दुग्ध उत्पादों के परिवहनकर्त्ता कार्य हेतु आवेदन प्रस्तुत कर रहा हूँ। मैं यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ कि मुझे भविष्य निधि एवं कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम के अन्तर्गत कूट संख्या जारी नहीं की गई है। यदि भविष्य में मैं इस पात्रता की श्रेणी के दायरे में आता हूँ तो मेरे द्वारा तत्समय समस्त वैधानिक प्रावधानों का पालन स्वयं के स्तर से कियका जावेगा।

मेरे द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र यदि भविष्य में गलत पाया जाता है तो दुग्ध संघ किसी भी समय मुझे आवंटित कार्य निरस्त कर जो भी कार्यवाही करेगा उसे मानने के लिए मैं बाध्य रहूंगा/रहूंगी।

दिनांक हस्ताक्षर

नाम––––––––––––

पता––––––––––––
––––––––––––––––
––––––––––––––––
हस्ताक्षर––––––––––––

This document was created with the Win2PDF “Print to PDF” printer available at

https://www.win2pdf.com

This version of Win2PDF 10 is for evaluation and non-commercial use only.
Visit https://www.win2pdf.com/trial/ for a 30 day trial license.

This page will not be added after purchasing Win2PDF.

https://www.win2pdf.com/purchase/